

# अक्षय तृतीया पर बाजार में उमड़ी भीड़, सड़कों पर लगा जाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अप्रैल, अक्षय तृतीया इस बार दो दिन रहेगी कई लोगो ने रविवार को मनाया तो कुछ लोग सोमवार को मनाएगे. सुबह 10.49 से लेकर सोमवार को सुबह 8 बजे तक अक्षय तृतीया का मुहूर्त है. खरीददारी के लिये लोगो की भीड़ बाजार में देखने को मिली, जिसके चलते सड़को पर जाम रहा.**

सुबह और दोपहर तो सड़को पर सन्नाटा रहा लेकिन दोपहर बाद अचानक खरीददारी के लिये लोग उमड़ पड़े. भीषण गर्मी के चलते दोपहर तक लोग घरो से नही निकले और जैसे ही शाम को गर्मी का असर कम हुआ खरीददारी के लिये बाजार में भीड़ उमड़ पड़ी. सोने-चांदी के आभूषण के साथ पकड़े एवं उपहार के सामान लोगो ने खरीदे. सोमवार को सबसे ज्यादा शादियां है और एक दिन पूर्व शादी की खरीददारी लोगो ने की. शाम पांच बजे से शहर की सभी सड़को में जाम देखने को मिला. यहा तक की शिल्पी प्लाजा में भी वाहन फसे रहे, इसी तरह सिरमौर चौराहा, जयस्तंभ, प्रकाश चौराहा, घोड़ा चौराहा एवं धोबिया टंकी चौराहे में शाम को जाम लगा रहा. अक्षय तृतीया के साथ-साथ सोमवार को शादी की खरीदी के लिये लोग बाजार में निकले जिसके कारण भीड़ बढ़ी और जाम की स्थित निर्मित हुई. रात 10 बजे तक बाजार में भीड़ रही और उसके बाद धीरे-धीरे सड़के सूनी होने लगी. इस समय शादी ब्याह के चलते बाजार भी गुलजार है. अभी एक माह तक शादी का मुहूर्त है, खरीददारी चलती रहेगी.

# मातृ व शिशु मृत्युदर को कम करने में सभी की सहभागिता आवश्यक : शुक्ल

## धर्मगुरूओं के साथ संवाद, शिशु मृत्यु दर कम करने का लिया गया संकल्प

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अप्रैल, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्युदर को कम करने में सभी की सहभागिता आवश्यक है. हम सबको संकल्प लेना है कि युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए कोई कसर छोड़नी नहीं है. उन्होंने कहा कि धर्म गुरूओं का दायित्व है कि वे समाज को जागरूक करें ताकि प्रदेश एवं रीवा जिले में शिशु मृत्युदर व मातृ मृत्युदर में अपेक्षित कमी लाई जा सके.**



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में यूनिसेफ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वाधान में धर्म गुरूओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज को दिशा देने का कार्य धर्म गुरू करते हैं वह आध्यात्म व संस्कार की शिक्षा देते हैं इसी लिए आप सबसे अपेक्षा है कि समाज को जागरूक करें और लोगों को प्रेरित करें कि गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच हो और उनका स्वास्थ्य बेहतर रहे ताकि वे स्वस्थ बच्चे को जन्म दें.

श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा जिले में मातृ मृत्युदर को 159 से कम करते हुए 70 पर तथा शिशु मृत्युदर को 43 से कम करते हुए 20 पर लाये जाने का संकल्प सभी के सहयोग से पूर्ण होगा. श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में 14 से 15 वर्ष की 5 लाख बालिकाओं का टीकाकरण कार्य पूर्ण हो चुका है. हम देश में टीकाकरण कार्य में प्रथम स्थान पर हैं. आगामी 2 माह में शेष बालिकाओं को टीका लगाकर शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर ली जायेगी.

संवाद कार्यक्रम में पूर्व सीएमएचओ डॉ. बीएल मिश्रा ने किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने सहित शिशु मृत्युदर मातृ मृत्युदर में कमी लाये जाने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिये. बैठक में धर्मगुरू ने अपने विचार व्यक्त किये.

### हर मां व बच्चे की जान बचाई जा सकती है : हेमलॉन

संवाद कार्यक्रम में यूनिसेफ के प्रदेश प्रमुख विलियम हेमलॉन ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपेक्षित बदलाव हो रहा है. शिशु मृत्युदर व मातृ मृत्युदर में कम करने में समुदाय की भागीदारी आवश्यक है. प्रत्येक गर्भवती महिला का पंजीयन के उपरांत नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हो तथा संस्थागत प्रसव भी हो. उन्होंने अपेक्षा की कि सभी मिलकर बदलाव कर सकते हैं और हर माँ व बच्चे की जान बचाई जा सकती है. यूनिसेफ के प्रदेश संचार प्रमुख अनिल गुलाटी ने कहा कि जनजन को जोड़ने के लिए धर्मगुरू शिशु व मातृ मृत्युदर में कमी लाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं. शासकीय विभागों के साथ जुड़कर इस कार्य में सफलता मिल सकती है और प्रदेश एवं रीवा जिले में इसमें अपेक्षित कमी लाई जा सकती है. कार्यक्रम में यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि वर्ष 2030 तक शिशु व मातृ मृत्युदर में अपेक्षित कमी लाने के सभी प्रयास जारी हैं.

# उप मुख्यमंत्री ने स्वयं अपना स्वगणना फॉर्म भरा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अप्रैल, जनगणना-2027 अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया को बढ़ावा देते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वयं कंप्यूटर के माध्यम से स्व-गणना फॉर्म भरकर नागरिकों को प्रेरित किया.**

यह संदेश दिया कि यह प्रक्रिया अत्यंत सरल एवं सहज है. उप मुख्यमंत्री ने समस्त नागरिकों से इस डिजिटल सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई यह आधुनिक डिजिटल सुविधा नागरिकों को घर बैठे सरल, सुरक्षित एवं सुविधाजनक तरीके से जनगणना में भाग लेने का अवसर प्रदान करती है. कोई भी नागरिक पोर्टल पर लॉगिन कर कुछ आसान प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकता है.

उप मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्व-गणना सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और जनगणना कार्य को सफल बनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें. सभी स्व-गणना करें और सशक्त, पारदर्शी एवं डेटा-संपन्न भारत के निर्माण में अपना योगदान दें. उल्लेखनीय है कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा.

# कांग्रेस कार्यालय में हुई समन्वय समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अप्रैल, जिला कांग्रेस ग्रामीण एवं शहर की समन्वय समिति की मासिक बैठक उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय मे जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई.**

बैठक मे समन्वय समिति के उपस्थित सदस्यों से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि जिले की अधिकांश ब्लाक कमेटियों का गठन पूरा हो चुका है, कुछ ब्लाकों की ब्लाक कमेटियों का गठन अभी तक नही हो पाया हैं. उन्होने सभी ब्लाक अध्यक्षों एवं ब्लाक प्रभारियों को अतिशीघ्र अपने-अपने ब्लाक की कमेटियों का गठन कर सूची जिला कार्यालय मे प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया. बैठक में सेमरिया विधायक अभय मिश्रा, श्रीमती कविता पाण्डेय आदि मौजूद रहे.

## संक्षिप्त

### कांग्रेस ने पंचायती राज में महिलाओं को आरक्षण दिया



**रीवा,** कांग्रेस प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह ने कहा कि मोदी जी को नौटंकी करने के बजाय यह बताना चाहिए था कि जब उनकी पार्टी बीजेपी बाल्यावस्था में थी तब कांग्रेस सरकार ने पंचायती राज के माध्यम से महिलाओं को आरक्षण देकर सत्ता के मुख्य द्वार से जोड़ने का काम किया था. कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि 12 वर्षों से सत्ता में मोदी जी हैं और अब जब उनकी देश की जनता के बीच लोकप्रियता कम होने लगी तो छोटे राज्यों के आस्तित्व को खतरे में डाल कर महिला आरक्षण की बात करने लगे. कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता व लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने जब 2018 में महिला आरक्षण लागू किए जाने की बात पत्र के माध्यम से व संसद में किए थे तब उन्हें महिलाओं के सम्मान व सत्ता में भागीदारी देने की बात क्यों याद नहीं आई? उन्होंने यह भी कहा कि महिला आरक्षण का विपक्ष कभी विरोध नहीं किया सिर्फ भाजपा की नीति व नियत का विरोध किया यदि भाजपा महिला आरक्षण के प्रति गंभीर होती तो 543 लोकसभा सीटों में ही आरक्षण लागू करने का बिल पेश करती ऐसा न कर मोदी सरकार देश की महिलाओं का अपमान किया.



### सुन्दरकांड का किया गया पाठ

**मऊगंज,** जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज के तत्वाधान में पोखरीनाथ महावीरन बहेरी/ढेरा में श्रीराम चरित मानस के सुन्दरकांड का गायन पाठ उत्कृष्ट गायक अधिवक्ता जनार्दन पाण्डेय, अधिवक्ता उमेश मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्रा मझिगवां, रावेन्द्र दुबे, लालजी गिरि एवं उनके साथियों द्वारा सुमधुर आवाज में किया गया. धार्मिक आयोजन की शुरूआत पोखरीनाथ में स्थित बजरंगबली श्रीराम जानकी राम दरबार व मां दुर्गा देवी के पूजा अर्चना से शुरू की गई. ब्रम्हलीन संत सुखचैन जी महाराज के तपस्थली में आयोजन में आये हुये अतिथियों का अभिनंदन कार्यक्रम के संयोजक विनोद पयासी ढेरा व सह संयोजक बृजवासी जायसवाल बहेरी द्वारा किया गया. इस धार्मिक आयोजन में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष मऊगंज व वरिष्ठ अधिवक्ता वृजेन्द्र शुक्ला रीवा, समाजसेवी कर्दम ऋषि, अधिवक्ता मोतीलाल सिंह बहेरी, देवेन्द्र मिश्रा डिघौल, महेन्द्र मिश्रा मझिगवां, पूर्व सरपंच सत्यनारायण वर्मा, प्रोगेसिव पेंशनर एसोशिएशन मऊगंज के महामंत्री वाई.एन. द्विवेदी, सी.एम.ओ. नगर परिषद् हनुमना अरूण कुमार त्यागी, समाजसेवी व संविदाकार मुरारीलाल गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता पन्नालाल शुक्ला मढ़ा, इंजीनियर अनिल मिश्रा मौजूद रहे.

### श्रीमती सीता देवी का दु:खद निधन

**गुढ़,** गुढ़ नगर परिषद बार्ड 13 निवासी संन्त कुमार उर्फ कल्लू विश्वकर्मा की धर्म पत्नी श्रीमती सीता देवी विश्वकर्मा का आज मध्य रात्रि निधन हो गया वे लगभग 72 वर्ष की थी इनके पुत्र जितेंद्र विश्वकर्मा उर्फ लल्ली विश्वकर्मा के माताश्री के आसमायिक निधन पर गुढ़ नगर के पत्रकार इन्द्रभान उपाध्याय, राजभान उपाध्याय, इन्द्रपाल उपाध्याय, विकर्ष उपाध्याय, समाजसेवी श्री राजकुमार मिश्रा, नगर पालिका परिषद गुढ़ के पूर्व उपाध्यक्ष राजकपूर मिश्रा, भाजपा नेता राजगोपाल मिश्रा, राजहंश मिश्रा, भाजपा के वरिष्ट नेता डॉ. ओमप्रकाश मिश्रा, बीर बहादुर सिंह, नारेन्द्र सिंह, विनोद सिंह, रामसुजान विश्वकर्मा, लालजी विश्वकर्मा, रमेश गौतम, सहित नगर के लोगो ने मृतात्मा की शांति हेतु शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है.



सामूहिक विवाह सम्मेलन में जोड़ो पर पुष्पवर्षा करते सिरमौर विधायक

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में 200 से अधिक जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 19 अप्रैल, मऊगंज में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक विवाह, निकाह आयोजन में 200 से अधिक जोड़े परिणय सूत्र में बंधे.**



समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये जोड़ों ने वैदिक मंत्रोंच्चार और सामाजिक रीति रिवाज के साथ गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया. आयोजन के दौरान पूरा परिसर उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया. जहाँ एक ओर हिंदू जोड़ों ने पंडितों द्वारा उच्चारित वैदिक ऋचाओं के बीच अग्नि को साक्षी मानकर फेरे लिए, वहीं दूसरी ओर निकाह की रस्मों को भी पूरी धार्मिक शुचिता के साथ संपन्न कराया गया. प्रशासन द्वारा सर्वधर्म समभाव और सामाजिक समरसता की मिसाल पेश करते हुए सभी जोड़ों के लिए पृथक-पृथक गरिमामय व्यवस्थाएं की गई थीं.शहीद केदारनाथ महाविद्यालय प्रांगण मऊगंज में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने नवदम्पत्तियों को शुभ आशीर्वाद दिया. उपस्थित जनों ने कहा कि गरीब लोगों के लिए यह योजना हितकारी है.

इस अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार जैन ने नवदम्पत्तियों को सुखमय जीवन की शुभकामना दी. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी मौजूद रहे.

# जिला स्तरीय सामूहिक विवाह में 196 जोड़े बंधे विवाह के बंधन में

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अप्रैल, मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजनान्तर्गत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन जनपद पंचायत जवा में संपन्न हुआ.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने की. सम्मेलन में जिले के विभिन्न जनपदों एवं नगरीय निकायों से आए पात्र जोड़ों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विधिवत विवाह/निकाह संपन्न कराया गया.

इस अवसर पर 196 जोड़ों का सामूहिक विवाह/ निकाह संपन्न हुआ. जिनमें जनपद जवा के 32, त्योंथर के 26, सिरमौर के 31, रीवा के 23, रायपुर कर्चुलियान के 22, गंगेव के 23 सहित नगर निगम एवं विभिन्न नगर परिषदों के जोड़े शामिल रहे.मुख्य अतिथि विधायक दिव्यराज सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी है.

सभी अतिथियों द्वारा नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया गया तथा शासन द्वारा निर्धारित सामग्री एवं आर्थिक सहायता का वितरण किया गया. सम्मेलन अनिल दुबे संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के निर्देशन में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जवा सुलाब सिंह पुशाम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रन्नु बीडी पांडे अध्यक्ष जनपद पंचायत जवा, श्रीमती पूर्णिमा तिवारी जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंचगण, मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह आदि उपस्थित रहे.

# पीएनजी गैस कनेक्शन के लिए लगाये जा रहे शिविर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अप्रैल, घरों में खाना पकाने के लिए सिलेण्डर से मिलने वाली एलपीजी गैस का उपयोग किया जाता है. इसके बेहतर विकल्प के रूप में पीएनजी यानि पाइप्ड नेचुरल गैस के कनेक्शन रीवा शहर के कई मोहल्लों में दिये जा रहे हैं.**

पीएनजी गैस कनेक्शन लेने के बाद सिलेण्डर लेने की परेशानी समाप्त हो जाती है. पीएनजी गैस पूरी तरह से सुरक्षित है. पीएनजी गैस कनेक्शन देने के लिए रीवा शहर में विभिन्न मोहल्लों मे जागरूकता शिविर लगाये जा रहे हैं. इन शिविरों के लिए प्रभारी अधिकारी तैनात किये गये हैं. इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि जागरूकता शिविर के लिए पीएनजी गैस कनेक्शन देने वाली कंपनी के प्रतिनिधि युवराज यादव, विकास कुशवाहा तथा सचिन मिश्रा को तैनात किया गया है.

# गुढ़ महाविद्यालय का अतिरिक्त संचालक ने किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 19 अप्रैल, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा रीवा-शहडोल संभाग महेंद्र मणि द्विवेदी एवं एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह बघेल ने शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ का औचक निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महाविद्यालय की कैश बुक का परीक्षण किया, जो पूरी तरह अद्यतन और सुव्यवस्थित पाई गई. इसके साथ ही प्रयोगशाला, जिम, पुस्तकालय एवं विभिन्न कक्षाओं का भी निरीक्षण किया गया. पुस्तकालय में पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं की बेहतर व्यवस्था को देखकर अधिकारी संतुष्ट नजर आए. कुल मिलाकर महाविद्यालय की सभी व्यवस्थाएं उत्तम एवं संतोषजनक पाई गईं. एसडीएम द्वारा जनगणना कार्यों की भी समीक्षा की गई, जिसमें सभी कार्य व्यवस्थित और प्रभावी पाए गए. अधिकारियों ने महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ को निर्देश दिए कि नियमित उपस्थिति रहे.

# परशुराम जयंती पर निकाली गई शहर में शोभा यात्रा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अप्रैल, परशुराम जयंती पर रविवार को स्वामी विवेकानंद पार्क से बाजे गाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई. कालेज चौराहा होते हुए शिल्पी प्लाजा से निकल कर शोभा यात्रा मनकामेश्वर मंदिर पहुंची जहा यात्रा का समापन के बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया.**



जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया. तेज धूप के बावजूद लोग नही रूके और शोभा यात्रा में नाचते हुए चल रहे थे. इसी तरह परशुराम आश्रम इटौरा में भी सुंदरकांड का पाठ कर परशुराम भगवान का जन्मोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया. विवेकानन्द पार्क से शोभा यात्रा की तैयारी सुबह से चल रही थी और युवाओं ने शोभा यात्रा का नेतृत्व किया. श्री विष्णु भगवान के छठे आवतार परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो कि विवेकानंद पार्क से 3 बजे शुरू हो कर यह यात्रा शहर के विभिन्न जगहों से होते हुए पीली कोठी स्थित भगवान शिव मंदिर तक चली तत्पश्चात भगवान परशुराम जी के भंडारे के उपरांत यात्रा का समापन किया गया. जिसके आयोजक सदस्य एडवोकेट आनंद मूर्ति तिवारी. एडवोकेट विवेक मिश्रा. स्वतंत्र शर्मा सुधीर पाण्डेय मोहित चौबे जयकृष्ण पाण्डेय अंकित सिंह बघेल एवं ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए.

# लगन का सीजन यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहे ऑटो चालक

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 19 अप्रैल, इस समय पर गर्मी एवं लू के साथ लगन का सीजन चालू है वहीं पे यात्रिगढ़ अपने ज्ञातव्य स्थान पर जाने के लिए दिन दुपहरी शाम एक कर रहे है.**




लेकिन वाहनों की कमी के कारण ऑटो चालक यात्रियों की जान जोखिम में डाल कर यात्रा करने के लिए सभी यात्रियों को मबूर कर रहे है जब की गुढ़ नेशनल हाईवे 75 से गुजरने वाली बसों को ऑटो चालक परेशान कर बाईपास नेशनल हाईवे नंबर 39 में जाने के लिए मजबूर कर दिए जिस कारण से यात्रियों को भरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. विकर्ष उपाध्याय ने कई बार आरटीओ रीवा को आगाह भी किया कि ऑटो चालक हाईवे नंबर 75 में जाम को स्थित बना के रखे हुए है जिस कारण से बसों का संचालन कम हो गया इस बात को लेकर गुढ़ थाना प्रभारी श्रीमान शैल यादव जी से भी शिकायत की गई कि गुढ़ बस स्टैंड से लेकर हरदी मोड तक यातायात व्यवस्था ऑटो चालकों के कार्ड ठप्प पड़ चुकी है लेकिन सक्षम अधिकारी इस बात पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है अगर ऐसा चलता रहा तो आने वाले समय में कोई बड़ा हादसा होगा उसका जिम्मेदार कौन होगा. इस बात को लेकर पत्रकार विकास परिषद के प्रदेश महासचिव इंद्रभान उपाध्याय द्वारा इस बात की वर्तमान नवागत जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत की इस समय पर ऑटो चालकों के कारण गुढ़ की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से डगमगाई हुई है. अतः गुढ़ थाना प्रभारी से एवं जिला परिवहन अधिकारी से मांग की जाती है कि समय रहते गुढ़ नगर नेशनल हाईवे 75 की यातायात व्यवस्था में सुधार किया जाय अन्यथा कोई अगर बड़ा हादसा होता है उसके जिम्मेदार गुढ़ थाना पुलिस एवं परिवहन विभाग होगा.